पुस्तकालय

2
2678
3/3/09

सत्यमेव जयते

असंशोधित

2 5 FEB 2009

# बिहार विधान-सभा वादवृत्त

## सरकारी प्रतिवेदन

---

( भाग I—कार्यवाही—प्रश्नोत्तर )

बि०स०पु०सं० 28 तिथि 03-3-09

जहां तक माननीय सदस्य को चिंता है तो रिसर्च डिविजन को खतम नहीं किया गया है, वह है, अवस्थित है, वह भी काम करेगा ।

तारांकित प्रश्न संख्या: ९

श्री विजेन्द्र प्रसाद यादव,मंत्री: महोदय, उत्तर अस्वीकारात्मक है । यह योजना बागरा जलाशय योजना के नाम से जाना जाता है । योजना में वन भूमि शामिल है जिसके अपयोजन हेतु कार्रवाई की जानी है । योजना का निर्माण तत्काल प्रारम्भ करने का विचार नहीं है ।

श्री अनन्त कुमार सत्यार्थी : महोदय, हम माननीय मंत्री महोदय से जानना चाहते हैं कि इतनी लाभकारी योजना है, यह कब तक शुरु होगा, यह समय-सीमा जानना चाहते हैं ?

अध्यक्ष : माननीय सदस्य, इन्होंने तो अस्वीकार कर दिया, माननीय मंत्री ने, चूंकि वन विभाग की जमीन उसमें है ।

तारांकित प्रश्न संख्या: १०

श्री विजेन्द्र प्रसाद यादव,मंत्री: अध्यक्ष महोदय, (१) अस्वीकारात्मक है । कुसहा तटबंध टूटने के पूर्व निम्नलिखित सामग्रियां बाढ़ एवं कटाव से मुकावला हेतु उपलब्ध थे -

| | |
|---|---|
| बोल्डर - | १लाख ३३हजार ४१घनमीटर |
| इ०सी०बैग - | २लाख १६हजार ७सौ अदद |
| नायलन क्रेप - | ८४हजार ६८अदद |
| बी०आर०क्रेप - | ६११अदद |

(२) आंशिक स्वीकारात्मक है । नदी में प्राय: अधिक जलस्त्राव में कटाव नहीं होता है क्योंकि कोसी जैसी नदी, जिसका लम्बाई ढाल अधिक है, कम जलस्त्राव में ही किनारे को इरोजन करती है ।

(३) अस्वीकारात्मक है ।

(४) पूर्वी कोसी बाउरथात बांध के किलोमीटर १२.० लाइन एवं १३.०६ के उदवह भाग में कोसी नदी के मेंडरिंग टेंडेंसी के चलते स्वनिर्माण होने से नदी की धारा पूर्वदाहित्थान भाग की तरफ शिफ्ट हो जाने, नेपाल स्थित सुरसरी जिला के असामाजिक तत्वों द्वारा कार्य में व्यवधान उत्पन्न किये जाने के कारण पूर्वी एप्लक्स बांध में कटाव हुआ ।